तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

13 जनपद की सामान्य सभा में विभागों की गैरहाजिरी ...



14 सेवा, समर्पण और जनभागीदारी के संदेश के साथ निकली 'सेवा ...



खबर संक्षेप

शीतला माता मंदिर में मनोकामना ज्योति होगी प्रज्ज्वलित

धमतरी। क्वांर नवरात्रि पर माता शीतला मंदिर महिमासागर वार्ड में इस वर्ष भी मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की जायेगी। मंदिर के पुजारी जनक महाराज ने बताया कि घी ज्योति के लिए 1800 रुपए एवं तेल के लिए 1200 रूपए शुल्क निर्धारित है। राशि 11 अक्टूबर की दोपहर 2 बजे तक जमा कर सकते हैं ।

आज से जी-जामगांव में रामधुनी सम्मेलन

जीजामगांव। ग्राम जीजामगांव में दो दिवसीय रामधुनी सम्मेलन का आयोजन 8 से 10 अक्टूबर तक होगा। आयोजकों के अनुसार 8



अक्टूबर गुरुवार को शाम 4 बजे कलश स्थापना के साथ रामधुनी सम्मेलन का शुभारंभ किया जाएगा। इसके बाद रामधुनी मंडलियों का मंचन होगा। 10 अक्टूबर शनिवार को कार्यक्रम का समापन होगा। कार्यक्रम की तैयारी में समिति के अध्यक्ष भागवत तारक, उपाध्यक्ष रामजग साहू, सचिव मोतीराम साहू, कोषाध्यक्ष खेमलाल पटेल सहित ग्रामवासी जुटे हैं।

गुजरा में अखंड रामधुनी सम्मेलन 15 से

कोर्रा(भखारा)। ग्राम गुजरा में तीन दिवसीय अखंड रामधुनी सम्मेलन का शुभारंभ 15 से 18 अक्टूबर तक होगा। झांकी पक्ष में 3500 रुपए एवं गायन पक्ष में 3000 रूपए की नकद राशि दी जाएगी। कार्यक्रम का समापन 18 अक्टूबर को होगा। रात्रि में शुक्लाडीही बेलहरी का जस गीत झांकी कार्यक्रम रखा गया है।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला 12 को कुरुद में

धमतरी। स्थानीय युवाओं को उद्योगों एवं प्रतिष्ठानों में अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण तथा रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) कुरुद में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 12 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे से होगा। मेले में जिले के विभिन्न उद्योग एवं प्रतिष्ठान अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण अथवा प्लेसमेंट के लिए शामिल हो सकेंगे। इसके माध्यम से आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को अपनी योग्यता एवं तकनीकी कौशल के अनुरूप रोजगार की संभावनाओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

आज नगरी में जनकल्याणकारी शिविर

धमतरी। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आज 8 अक्टूबर को जनकल्याणकारी शिविर का आयोजन श्री श्रृंगी ऋषि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान नगरी में सुबह 10 बजे से होगा। शिविर में विभिन्न वर्गों के नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं से जोड़ने के साथ-साथ जनजागरूकता और सामाजिक सहभागिता से संबंधित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण, मासिक धर्म स्वच्छता एवं जागरूकता शिविर, रक्तदान शिविर तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में स्मार्ट टीवी वितरण प्रमुख रूप से शामिल हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को पात्र हितग्राहियों तक सहज, सरल और प्रभावी ढंग से पहुंचाना है।

अब जरूरी शैक्षणिक दस्तावेजों के लिए नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव के निर्देश पर विद्यार्थियों को बड़ी राहत

विद्यार्थियों और अभिभावकों को शैक्षणिक दस्तावेजों से जुड़े कार्यों के लिए अनावश्यक परेशानी न हो और



उन्हें अपने जरूरी दस्तावेज समय पर मिल सकें, इसे लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने पहल की है। मंत्री के निर्देश के बाद छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाओं को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समयबद्ध किए जाने की व्यवस्था की गई है। इससे विद्यार्थियों को अपने जरूरी शैक्षणिक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने की समस्या से राहत मिलेगी। नई व्यवस्था के तहत विद्यार्थियों को डुप्लीकेट माइग्रेशन प्रमाण-पत्र, डुप्लीकेट अंकसूची, उत्तरपुस्तिका की पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन तथा उत्तरपुस्तिका की फोटोकॉपी जैसी सेवाएं निर्धारित प्रक्रिया और समय-सीमा के भीतर उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। दस्तावेज के अनुसार इन सेवाओं के लिए निर्धारित समय-सीमा भी तय की गई है। डुप्लीकेट माइग्रेशन प्रमाण-पत्र और डुप्लीकेट अंकसूची के लिए 60 दिवस, वहीं उत्तरपुस्तिका की पुनर्गणना, पुनर्मूल्यांकन और फोटोकॉपी जैसी सेवाओं के लिए भी निर्धारित प्रक्रिया के बाद 60 दिवस की समय-सीमा रखी गई है।

तय समय-सीमा में होंगे विद्यार्थियों के काम

मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने ही दस्तावेजों के लिए परेशान होना पड़े, यह स्थिति स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम के बाद विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक दिन महत्वपूर्ण होता है। उच्च शिक्षा में प्रवेश, छात्रवृत्ति, प्रतियोगी परीक्षाओं और अन्य शैक्षणिक कार्यों के लिए समय पर दस्तावेज उपलब्ध होना जरूरी है।



अनावश्यक विलंब न हो

श्री यादव ने कहा कि हमारी कोशिश है कि विद्यार्थी पढ़ाई और अपने भविष्य पर ध्यान दें, उन्हें सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने में अपना समय और ऊर्जा खर्च न करनी पड़े। लोक सेवा गारंटी के माध्यम से सेवाओं को समय-सीमा से जोड़ने का उद्देश्य यही है कि विद्यार्थियों को उनके जरूरी कार्यों के लिए स्पष्ट व्यवस्था मिले और अनावश्यक विलंब की स्थिति न बने।

73 हजार किसानों ने लिया साढ़े तीन सौ करोड़ से ज्यादा का कर्ज

लागत बढ़ी तो टूटा कृषि ऋण का रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कृषि ऋण वितरण ने इस साल पुराने सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। इस साल सर्वाधिक 73 हजार 467 किसानों को 354 करोड़ रुपए से ज्यादा का ऋण दिया गया गया है। अब ऋण वितरण बंद कर दिया गया है। बढ़ती लागत के बीच ऋण राशि बढ़ने से किसानों को राहत मिली है, लेकिन ऋण वितरण से किसान कर्जदार भी हो गए हैं। धान बेचने के बाद आधी से ज्यादा राशि तो सोसाइटियों के कर्ज चुकाने में ही निकल जाएगी।

खेती की लागत पहले से कई गुना बढ़ गई है। कीटनाशकों के दाम में डेढ़ गुना तक बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ कीट प्रकोप भी पहले से ज्यादा बढ़ गया है। इसके साथ ही मजदूरी सहित अन्य प्रकार की लागत भी बढ़ गई है। किसानों की इस स्थिति को देखते हुए जिला सहकारी बैंक ने अल्पकालीन ऋण की राशि बढ़ा दी है। नगद और सामग्री के ऋण अनुपात में भी बदलाव किया गया है। पहले जहां 60 प्रतिशत नगद और 40 प्रतिशत सामग्री के रूप में ऋण दिया जाता था। इस साल 70 प्रतिशत नगद और 30 प्रतिशत सामग्री के रूप में ऋण दिया गया। यह परिवर्तन किसानों को भा गया और उन्होंने खेती की जरूरतों को पूरा करने के लिए रिकार्ड तोड़ ऋण लिया है। पिछले साल जहां 66 हजार 354 किसानों ने 266 करोड़ 47 लाख 57 हजार रुपए का ऋण लिया था, वहीं इस साल 73 हजार 47 लाख 57 हजार रुपए का ऋण लिया है। यह पहली बार है जब इतनी बड़ी संख्या में किसानों ने इतनी बड़ी धनराशि कर्ज ली है।



इसलिए बढ़ा ऋण का आंकड़ा

खेती की लागत का आकलन करने के बाद किसानों को दी जाने वाली ऋण की राशि का निर्धारण किया जाता है। लागत बढ़ने के बाद इस साल प्रति हेक्टेयर दिए जाने वाले ऋण की राशि बढ़ाई गई है। पिछले साल तक जहां सिंचित क्षेत्र में 60 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर ऋण दिया जाता था। इस साल इसे बढ़ाकर 66 हजार रुपए कर दिया गया है। इसी प्रकार असिंचित क्षेत्र में पिछले साल तक 45 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर ऋण दिया जाता था। इस साल इसे बढ़ाकर 59 हजार 500 रुपए कर दिया गया है। राशि बढ़ने के साथ ऋण लेने वाले किसानों की संख्या भी बढ़ी है।

कर्ज में डूबे किसान

किसान ओमप्रकाश साहू, चैतराम नेताम, संदीप साहू ने बताया कि खेती की लागत बढ़ने पर किसानों को दिए जाने वाले ऋण की राशि तो बढ़ा दी गई है, लेकिन प्रदेश में निर्धारित धान का समर्थन 3100 सौ रुपए प्रति क्विंटल में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। इसमें से स्वर्णा और मोटा धान के लिए केंद्र सरकार 2441 रुपए और पतला धान के लिए 2461 रुपए का समर्थन मूल्य देगी। बाकी राशि राज्य सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के माध्यम से किसानों के खाते में डाली जाती है। लागत बढ़ने के बाद भी शासन द्वारा तीन साल से समर्थन मूल्य में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। इससे किसान कर्जदार बन जाएंगे। धान बेचने के बाद ज्यादातर राशि तो कर्ज चुकाने में ही निकल जाएगी।

धमतरी की 100 साल पुरानी वनोपज मंडी फिर होगी गुलजार

- श्यामतराई में सोमवार से शुरू होगा वनोपज एवं औषधीय उत्पादों का नियमित क्रय-विक्रय

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले की पहचान और व्यापारिक विरासत से जुड़ी करीब 100 वर्ष पुरानी वनोपज मंडी एक बार फिर गुलजार होने जा रही है। श्यामतराई स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में अब प्रत्येक सोमवार को वनोपज एवं अन्य औषधीय उत्पादों के क्रय-विक्रय के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। इससे जिले के वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में वनोपज और औषधीय उत्पादों का संग्रहण एवं उपार्जन करने वाले कृषकों और संग्राहकों को स्थानीय स्तर पर बाजार उपलब्ध होगा तथा अपनी उपज के बेहतर विपणन का अवसर मिलेगा।





कृषि उपज मंडी समिति धमतरी द्वारा प्रत्येक सोमवार को प्रातः 10 बजे से कार्य समाप्ति तक श्यामतराई मंडी परिसर के शेड क्रमांक-01 में पोल क्रमांक 04 से 08 तक के हिस्से को वनोपज एवं अन्य औषधीय उत्पादों के क्रय-विक्रय के लिए आरक्षित किया गया है। कृषक एवं वनोपज संग्राहक अपनी उपज लेकर यहां विक्रय के लिए पहुंच सकेंगे।

ग्राम पंचायतों में मुनादी कराई जायेगी

मंडी समिति द्वारा धमतरी तहसील अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में वनोपज एवं अन्य औषधीय उत्पादों का उपार्जन करने वाले कृषकों तक इस व्यवस्था की जानकारी पहुंचाने के लिए मुनादी एवं स्थानीय प्रचार-प्रसार कराया जाएगा।

वनोपज को स्थानीय बाजार से जोड़ना प्राथमिकता : कलेक्टर

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि धमतरी की पुरानी वनोपज मंडी को पुनः सक्रिय करने का उद्देश्य जिले के कृषकों और वनोपज संग्राहकों को उनकी उपज के लिए स्थानीय स्तर पर बेहतर बाजार उपलब्ध कराना है। वनोपज एवं औषधीय उत्पादों के नियमित क्रय-विक्रय की सुविधा मिलने से उत्पादकों को अपनी उपज बेचने के लिए दूर के बाजारों पर निर्भरता कम होगी तथा परिवहन में लगने वाले समय और खर्च की भी बचत होगी।

बस्तर जाने की जरूरत कम होगी, धमतरी में मिलेगा बाजार

धमतरी का श्यामतराई क्षेत्र लंबे समय से वनोपज के व्यापार से जुड़ी गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण रहा है। जिले की भौगोलिक स्थिति इसे वनांचल और मैदानी क्षेत्रों के बीच एक महत्वपूर्ण व्यापारिक केंद्र के रूप में स्थापित करती है। ऐसे में वनोपज मंडी के पुनः सक्रिय होने से जिले सहित आसपास के वनांचल क्षेत्रों के उत्पादकों को अपनी उपज के लिए स्थानीय बाजार मिलने की संभावना बढ़ेगी।

दो दिन में 10 ट्रैक्टर और 5 हाइवा जब्त

अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में खनिज संपदा के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार सघन कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार खनिज विभाग के अमले द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जांच अभियान चलाकर बिना वैध अनुमति रेत परिवहन एवं उत्खनन में संलिप्त वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में 6 अक्टूबर को ग्राम अछोटा, मुड़पार, अमेठी, कलारतराई एवं दोनर में जांच के दौरान 6 ट्रैक्टर एवं 1 हाईवा वाहन को जब्त किया गया। 7 अक्टूबर को ग्राम अमेठी, सौंगा एवं रूद्री क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 4 ट्रैक्टर एवं 4 हाईवा वाहन जब्त किए गए। जब्त किए गए वाहनों को सुरक्षार्थ कलेक्ट्रेट कम्पोजिट बिल्डिंग परिसर में रखा गया है। इस प्रकार दो दिन में कुल 10 ट्रैक्टर एवं 5 हाईवा वाहन जब्त किए गए हैं। संबंधित प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 के तहत अर्थदण्ड वसूली की कार्रवाई की जा रही है।





राशन कार्ड घोटाले की जांच की मांग

धमतरी। नगर पंचायत भखारा में राशन कार्ड में घोटाले की शिकायत सामने आई है। शिकायतकर्ता के अनुसार किसी ने पता छिपाकर तो किसी ने अपनी व्यक्तिगत जानकारी गलत देकर राशन कार्ड बनवाया है। कई परिवार में दो राशन कार्ड बना दिए गए हैं। उसने इस घोटाले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

जिला खाद्य अधिकारी के नाम से ज्ञापन सौंपते हुए नगर पंचायत भखारा के वार्ड क्रमांक 12 निवासी रोहित कुमार ने बताया कि नगर पंचायत भखारा में राशन कार्ड निर्माण में काफी अनियमितता बरती गई है। कई लोगों ने गलत जानकारी देकर या सही जानकारी छिपाकर राशन कार्ड बनावा लिया है। उसने बताया कि नगर पंचायत में एक ही परिवार में सास और बहू को अंत्योदय और प्राथमिकता वार्ड राशन कार्ड जारी कर दिया गया है। पेंशनधारी को भी अंत्योदय राशन कार्ड जारी कर दिया गया है। पता छिपाकर एक ही परिवार में दो लोगों के नाम से राशनकार्ड बनवाया गया है। उसने मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है।

आरक्षक ने कंट्रोल रूम में फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अज्ञात कारणों से डायल 112 में पदस्थ आरक्षक ने रूद्री थाना के बाजू में स्थित कंट्रोल रूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

- रूद्री की घटना, डायल 112 में पदस्थ था

पुलिस के अनुसार ओंकार सोनवानी पिता लक्ष्मीनारायण उम्र 32 वर्ष ग्राम बंगोली थाना कुरुद निवासी पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर पदस्थ था। डयूटी के लिए ओंकार घर ग्राम बंगोली से आना-जाना करता था। इन दिनों वह डायल 112 में कार्य कर रहा था। मृतक ने रूद्री में किराए का मकान ले रखा था, जिसमें वह रहता था। मंगलवार की शाम 5.30 बजे ओंकार डयूटी जाने की बात कहकर घर ग्राम बंगोली से रूद्री के लिए निकला था।



उसने बताया था कि उसकी 8 बजे डयूटी है। ओंकार रात्रि में रूद्री थाना के बाजू में स्थित डायल 112 के कंट्रोल रुम में जाकर दरवाजा भीतर से बंदकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक कंट्रोल रुम का दरवाजा नहीं खुलने पर उसके सहकर्मियों को शक हुआ। किसी तरह दरवाजा खोलकर भीतर जाने पर ओंकार रस्सी के फंदे पर फांसी पर लटका हुआ था। जीवित होने के अंदशा के चलते आरक्षक को फंदे से उतारकर उपचार के लिए रात्रि 10 बजे जिला अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद आरक्षक को मृत घोषित कर दिया। रात्रि में शव को मर्रच्यूरी में सुरक्षित रखा गया।

बुधवार की सुबह अस्पताल चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। आरक्षक द्वारा फांसी लगाने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है।

जांच की जा रही है : डीएसपी

डीएसपी भानुप्रताप चंद्राकर ने मीडिया को बताया कि आरक्षक ओंकार सोनवानी ग्राम बंगोली थाना कुरूद का रहने वाला है। वह डायल 112 के आफिस में पदस्थ था। मंगलवार की शाम उसके फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना मिली। शव को मर्रच्यूरी में रखवाया गया है। एफएसएल की टीम को बुलाकर कमरे व शव की जांच कराई गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद कुछ स्पष्ट हो पाएगा। फांसी लगाने के कारणों की जांच की जा रही है।

पिता-पुत्रों पर किया था जानलेवा हमला, दानीटोला बरपारा में हुई थी घटना

गिरफ्तार चाकूबाजों का पुलिस ने निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पिता-पुत्रों पर चाकू, रॉड व ईंट से जानलेवा हमला कर फरार चार आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जुलूस निकाला गया। घटना में शामिल एक नाबालिग के खिलाफ विधिवत कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार बीते रविवार की रात्रि दानीटोला के बरपारा निवासी धनीराम साहू, उसकी पत्नी भानबाई साहू, पुत्र डोमेन्द्र साहू व गुलशन साहू घर पर थे। इसी दौरान दानीटोला के भक्तिन गुड़ी बैगापारा मोहल्ले के राम साहू उसके घर पहुंच डबरीनुमा तालाब से मछली पकड़ने की शिकायत करने आरोप लगा उसके घर में ईंट, पत्थर बरसाते हुए व दरवाजे को लात से मारकर बाहर निकलने के लिए गाली-गलौज करते रहे। इसी दौरान धनीराम व उसके दोनों पुत्रों के निकलने पर आरोपी अपने साथी आलेख रामटेके, चन्द्रशेखर उर्फ गोलू धुरी व अपने एक नाबालिग साथी के साथ मिलकर पिता-पुत्रों पर चाकू, शॉकअप रॉड व ईंट से ताबड़तोड़ हमला कर भाग गए। वहीं बीच-बचाव कर रही भानबाई पर भी हमला किया गया। इस घटना में पिता व उसके दोनों पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने इस मामले में धारा 296, 351-2, 109-1, 191-2, 191-3 बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने एफएसएल टीम की उपस्थिति में घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य संकलित किया। आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं घटना में शामिल नाबालिग को अभिरक्षा में लिया। आरोपियों के बयान के आधार पर घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू, शॉकअप रॉड, खून लगा लकड़ी का डंडा व ईंट के टुकड़ों को जब्त किया गया।



शहर में पैदल जुलूस

पुलिस ने गिरफ्तार चारों आरोपियों का शहर में पैदल जुलूस निकाला। आरोपियों के हाथ तख्तियां थी जिसमें चाकू मारना पाप है लिखा हुआ था। इस दौरान आरोपी दोबारा अपराध नहीं करने की बात करते हुए चल रहे थे।

इन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने प्रकरण के आरोपी रितेश कुमार ध्रुव पिता मातम सिंह उम्र 19 वर्ष निवासी भक्तिन गुड़ी बैगापारा दानीटोला, अलख रामटेके पिता सूरज उम्र 18 वर्ष 4 माह महारापारा दानीटोला, राम साहू पिता गिरवर उम्र 19 वर्ष बरपारा दानीटोला व चंद्रशेखर उर्फ गोलू धुरी पिता दशरथ सिंह 26 वर्ष दानीटोला स्कूलपारा निवासी को गिरफ्तार कर नयालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। वहीं नाबालिग को नियमानुसार किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

पीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेट हिमांशु का एसएनआईसी में चयन

धमतरी। बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के एनसीसी कैडेट हिमांशु कुमार सिन्हा का चयन एसएनआईसी के लिए हुआ है। हिमांशु कुमार 27 सीजी बटालियनयन बीसीएस रायपुर का प्रतिनिधित्व करते हुए इस राष्ट्रीय स्तर के शिविर में सहभागिता करेंगे। शिविर का आयोजन अहमदाबाद में 7 से 16 अक्टूबर तक होगा। इसके बाद आयोजन केवड़िया गुजरात में 17 अक्टूबर से 1 नवंबर तक किया जाएगा। इस दौरान कैडेट्स को राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विविधता, सामाजिक सद्भाव, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक ने कैडेट हिमांशु कुमार को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि



राष्ट्रीय स्तर के शिविर में महाविद्यालय के कैडेट का चयन महाविद्यालय परिवार के लिए गौरव की बात है। महाविद्यालय के बीसीएस अधिकारी लेफ्टिनेंट दिनेश्वर सलाम ने कहा कि एसएनआईसी कैंप कैडेट्स में राष्ट्रीय एकता, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास को विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हिमांशु का चयन अन्य बीसीएस कैडेट्स को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगा।

खबर संक्षेप

शशांक बने कुर्मी समाज के प्रदेश मंत्री

अंवरी। अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ के युवा



प्रकोष्ठ का गठन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा के मार्गदर्शन एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष मिलिंद चंद्राकर की अनुशंसा पर शशांक बैस को प्रदेश मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। उसकी नियुक्ति पर आशीष चंद्राकर, नितिन चंद्राकर, ऋषभ वर्मा, सनी बैस, मयंक बैस, साहिल बैस, हर्ष बैस, ओम बघेल, मनहरण बैस ने हर्ष जताया है।

घायल युवक की मौत मर्ग कायम

कांकेर। थाना कांकेर अंतर्गत जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाए कोदाभाट निवासी 29 वर्षीय उपेंद्र कुमार विश्वकर्मा पिता बिदेराम का मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया। चिकित्सकों ने युवक का परिक्षण कर मौत होने की पुष्टी किया।

घायल की मौत पर मर्ग कायम

कांकेर। दुर्गूकोंदल थानांतर्गत आमागांव से दुर्गूकोंदल जाने वाले मार्ग में लोहत्तर थानांतर्गत ग्राम चेमल निवासी 45 वर्षीय इंद्रेश नेताम पिता स्व. श्रीराम नेताम को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आने की वजह से 6 अक्टूबर को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

महिला को झांसे में लिया फिर जेवर की ठगी

कांकेर। निःसंतान होने की समस्या दूर करने और कथित रूप से काट करने का झांसा देकर एक महिला से सोने का मंगलसूत्र और चांदी की पायल ले जाने का मामला सामने आया है। महिला ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने उसे सम्मोहित करने जैसा प्रभाव डालकर जेवर उतरवाए और बाद में घटना किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

निधन

लीलाराम साहू

धमतरी। ग्राम छुही निवासी



लीलाराम साहू 76 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना क्रम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले वीर्य स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना, आयुर्वेदिक द्वारा सफल स्थाई ईलाज। निराश रोगी संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के पास धमतरी
मो. 91744-66336

नवागांव-थूहा में माताराणी के 108 रूपों के होंगे भव्य दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

लंबी गुफा में सजेगा मां का दरबार, ताड़कासुर की झांकी और 12 ज्योतिर्लिंग होंगे आकर्षण का केंद्र

ग्राम नवागांव (थूहा) में क्वांर नवरात्रि की तैयारियां की जा रही हैं। ग्रामवासियों एवं मनोकामना नवदुर्गोत्सव समिति के तत्वावधान में नवरात्रि में श्रद्धालुओं को माता रानी के 108 स्वरूपों के भव्य दर्शन कराए जाएंगे। इसके लिए नया बाजार चौक में विशाल पंडाल का निर्माण किया जा रहा है।

यहां श्रद्धालुओं के लिए एक लंबी गुफानुमा संरचना तैयार की जा रही है। इसी गुफा के भीतर माता रानी के 108 स्वरूपों को सजाया जाएगा। श्रद्धालु गुफा के अंदर प्रवेश कर एक-एक कर मां के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन कर सकेंगे।

नवरात्रि की तैयारी में मनीष, खूबलाल, चिराग, रामनरायण साहू, कांशीराम साहू, सूरज, किशन दावना, सरोज, नेतराम, कीर्तन समेत समिति के सदस्य व ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

पौराणिक प्रसंगों पर आधारित झांकियां

नवरात्रि उत्सव में इस बार धार्मिक एवं पौराणिक प्रसंगों पर आधारित विभिन्न झांकियां भी सजाई जा रही हैं। इनमें ताड़कासुर की झांकी, मां काली के विकराल स्वरूप तथा भगवान शिव के विराट रूप को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। इन झांकियों के माध्यम से श्रद्धालुओं को देवी-देवताओं के विभिन्न स्वरूपों एवं पौराणिक कथाओं से परिचित कराने का प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा पंडाल में 12 ज्योतिर्लिंगों की आकर्षक झांकी भी तैयार की जा रही है। श्रद्धालुओं को एक ही स्थान पर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का अवसर मिलेगा।



ज्योत जंवारा से भक्तिमय होगा वातावरण

आयोजन स्थल पर ज्योत-जंवारा भी बोया जाएगा। नवरात्रि के नौ दिनों तक माता की आराधना, पूजा-अर्चना एवं धार्मिक कार्यक्रमों के साथ पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहेगा। समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंडाल एवं दर्शन व्यवस्था को व्यवस्थित रूप देने की तैयारी की जा रही है। समिति के सदस्यों ने बताया कि नवरात्रि पर्व को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह है। माता रानी के 108 स्वरूप, मां काली की भव्य झांकी, भगवान शिव का विराट रूप और 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन इस वर्ष नवागांव के नवरात्रि उत्सव को विशेष आकर्षण का केंद्र बनाएंगे।

कांकेर को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग पर रोजाना सैकड़ों लोगों की आवाजाही

अर्जुनी-झुझराकसा नाला मार्ग पर बना विशाल गड्ढा, बांस-बल्ली से रोका हादसे का खतरा

- ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र मरम्मत की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





नगरी विकासखंड के अंतिम छोर पर कांकेर जिले को जोड़ने वाले अर्जुनी-झुझराकसा नाला मार्ग की बदहाल स्थिति ने सड़क व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। कुछ दिनों पूर्व हुई बारिश के दौरान सड़क किनारे की मिट्टी बह जाने के बाद मार्ग के बीचों-बीच विशाल गड्ढा बन गया है, जो अब राहगीरों और वाहन चालकों के लिए हादसे का कारण बन सकता है।

यह मार्ग जामगांव सहित आसपास के गांवों को कांकेर जिले से जोड़ने वाला प्रमुख और सुगम मार्ग है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण, वाहन चालक और स्कूली बच्चे आवागमन करते हैं। सड़क के बीच बने गहरे गड्ढे के कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

सड़क की स्थिति को देखते हुए आसपास के ग्रामीणों ने जन सहयोग से बांस और बल्ली लगाकर अस्थायी स्टॉपर तैयार किया है, ताकि वाहन चालकों को गड्ढे के बारे में पहले से सावधान किया जा सके। ग्रामीणों का यह देसी जुगाड़ फिलहाल लोगों को संभावित हादसे से बचाने में मदद कर रहा है, लेकिन स्थायी समाधान की जरूरत बनी हुई है।

सरपंच गजेंद्र ने बताया कि आसपास के गांवों के लोगों ने जन सहयोग से बांस-बल्ली लगाकर अस्थायी व्यवस्था बनाई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से शीघ्र सड़क मरम्मत कराने की मांग की है।

चोरभट्ठी और बगौद में नए बिजली उपकेंद्रों के निर्माण की कवायद तेज

- अधीक्षण अभियंता रायपुर ने निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



छग स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के कुरुद संभाग क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में दो नए 33/11 केवी उपकेंद्रों का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। मंगलवार को अधीक्षण अभियंता (प्रोजेक्ट) रायपुर सीएच मरकाम ने ग्राम चोरभट्ठी में प्रस्तावित नए उपकेंद्र के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा) कुरुद अमित कुमार और कार्यपालन अभियंता (परियोजना) धमतरी एसके नेमा मौजूद रहे। उपकेंद्र के निर्माण से आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बेहतर होने और निर्बाध बिजली सुविधा मिलने की उम्मीद है। इसी क्रम में अधीक्षण अभियंता ने मेगा फूड पार्क ग्राम बगौद में प्रस्तावित 33/11 केवी उपकेंद्र का भौगोलिक निरीक्षण भी किया। यहां उपकेंद्र का कार्य शीघ्र शुरू किया जाना प्रस्तावित है। इसके बनने से मेगा फूड पार्क की औद्योगिक इकाइयों को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति मिलेगी। साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्र को भी इसका लाभ मिलेगा।

मेचका में शारदीय नवरात्रि की तैयारी जोरों पर

- दुर्गा पंडाल की साज-सज्जा में जुटे समिति के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर ग्राम मेचका में तैयारियां शुरू हो गई हैं। नवदुर्गा सेवा समिति मेचका एवं ग्रामवासियों के सहयोग से इस वर्ष भी मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। शीतला मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति भी प्रज्वलित की जाएगी। नवरात्रि को लेकर समिति के सदस्य दुर्गा पंडाल की साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं साज-सज्जा में जुटे हुए हैं।

शीतला मंदिर में मनोकामना ज्योति के लिए 1001 रुपये शुल्क निर्धारित है। शीतला मंदिर के पुजारी भारत मरकाम ने बताया कि नवरात्रि पर्व को लेकर ग्राम में उत्साह का माहौल है। मां दुर्गा की प्रतिमा लगातार तीसरे वर्ष भगवान सिंह नाग एवं उनके परिवार द्वारा प्रदान की जा रही है। तैयारी में समिति के उपाध्यक्ष शेषनारायण धुर्वा, भूपेन्द्र नाग, अर्जुन जलेस, भोलू धुर्वा, पप्पू धुर्वा, कमल धुर्वा, संतु धुर्वा, रवि मरकाम सहित समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

भू-विविधता का पर्यावरण तथा मानव जीवन से गहरा संबंध

- सुखराम नागे कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय भू-विविधता दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय भू-विविधता दिवस थीम वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करना के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भू-विविधता के महत्व, उसके संरक्षण तथा पृथ्वी की प्राकृतिक एवं भूवैज्ञानिक विरासत के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. अश्वनी ध्रुव के मार्गदर्शन तथा संयोजक प्रो.कौशल नायक विभागाध्यक्ष तथा कार्यक्रम सहसंयोजक प्रो. लोकश्वरी राठिया, सहा.प्रा. वनस्पतिविज्ञान के निर्देशन में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को भू-विविधता की अवधारणा एवं इसके विभिन्न घटकों के बारे में जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि चट्टानें, खनिज, मिट्टी, जीवाश्म, पर्वत, नदियां, घाटियां एवं विभिन्न भू आकृतियां पृथ्वी की महत्वपूर्ण भूवैज्ञानिक विरासत का हिस्सा हैं। भू-विविधता का जैव विविधता पर्यावरण तथा मानव जीवन से भी गहरा संबंध है। एमएससी तृतीय सेमेस्टर की डिम्पल, ममता तथा एमएससी प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी त्रिषा, चंद्रकांत, दीपांशु साहू द्वारा विद्यार्थियों के बीच भू-विविधता के संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग को लेकर विचार विमर्श एवं क्विज प्रतियोगिता के द्वारा जागरूकता उत्पन्न की गई।

जनपद अध्यक्ष महेश गोटा ने अपनी निधि से पांच लाख रुपए की दी स्वीकृति

शीतला शक्ति पीठ सिहावा में किचन शेड का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



सिहावा स्थित शीतला शक्ति पीठ में श्रद्धालुओं की सुविधा और मंदिर की व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। मंदिर परिसर में किचन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा ने किया । उन्होंने अपनी निधि से किचन शेड निर्माण के लिए पांच लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है।

इस अवसर पर महेश गोटा ने कहा कि शीतला शक्ति पीठ क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है, जहां वर्षभर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। मंदिर परिसर में होने वाले धार्मिक आयोजनों, भंडारा एवं प्रसाद वितरण के दौरान भोजन तैयार करने के लिए व्यवस्थित स्थान की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। किचन शेड के निर्माण से मंदिर परिसर की व्यवस्थाएं अधिक सुव्यवस्थित होंगी और श्रद्धालुओं को भी इसका लाभ मिलेगा।

शीतला शक्ति पीठ के अध्यक्ष नरेंद्र नाग ने कहा कि मंदिर में वर्षभर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन होते रहते हैं। किचन शेड बनने के बाद भोजन एवं प्रसाद तैयार करने की प्रक्रिया अधिक सुविधाजनक और व्यवस्थित होगी। निर्माण समिति अध्यक्ष सचिन भन्साली ने कहा कि मंदिर समिति द्वारा समय-समय पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं। किचन शेड का निर्माण भी इसी क्रम की महत्वपूर्ण कड़ी है। समिति के सांस्कृतिक प्रभारी तुकाराम साहू ने कहा कि इस निर्माण से मंदिर की व्यवस्थाओं में एक और महत्वपूर्ण सुविधा जुड़ जाएगी। मौके पर समिति के संरक्षक नेम सिंह बिशेन एवं मंशा गौर, उपाध्यक्ष बलदेव निषाद एवं रामलाल नेताम, सचिव नारद निषाद, सहसचिव बुधेश्वर साहू एवं लालेश्वर साहू, सलाहकार गगन नाहटा एवं भरत निर्मलकर, पुजारी ज्ञान सागर पटेल एवं परमेश्वर नेताम, संजय सारथी, पूरन बिसेन, नवल साहू, जसपाल कुंजाम, महेश साहू उपस्थित थे।

अंचल की खबरें

भठेली के शिक्षक खिलेन्द्र प्रकाश को मिला शिक्षादूत सम्मान



अंवरी। शिक्षा को किताबों से निकालकर खेल और गतिविधियों से जोड़ने तथा बच्चों को सही राह दिखाने की अनूठी पहल को राज्य स्तर पर पहचान मिली है। शासकीय प्राथमिक शाला भठेली के शिक्षक खिलेन्द्र प्रकाश साहू को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण शिक्षादूत 2026-27 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें कुरुद में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में अजय चंद्राकर कुरुद विधायक के करकमलों से प्राप्त हुआ। श्री साहू ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शाला में खेल विधि और गतिविधि आधारित शिक्षण को अपनाया, जिससे बच्चों का शैक्षिक स्तर सुधरा और शाला में उपस्थिति बढ़ी है। पालकों से सतत संपर्क और समुदाय के सहयोग से उन्होंने शाला में कई शैक्षिक संसाधन विकसित किए हैं। उनकी सबसे मानवीय पहल रही है बच्चों को पर्यावरण से जोड़ना और नशा-व्यसन की गिरफ्त में आये बच्चों को चिन्हित कर उनकी काउंसलिंग कर उन्हें मुख्य धारा में वापस लाना है।

सिवनीकला की कबड्डी में भिलाई विजेता, बंजारी उपविजेता



सिर्री। ग्राम सिवनीकला (सिर्री) के चम्पेश्वरपारा में जय बजरंग कबड्डी दल एवं रॉयल क्लबके तत्वावधान में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्र की कबड्डी टीम ने भी हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 11,001 रुपए भिलाई, द्वितीय 8,001 रुपए बंजारी, तृतीय 5,001 रुपए सिर्री तथा चतुर्थ पुरस्कार 3,001 रुपए नवागांव की टीम को प्रदान किया गया। बेस्ट रेडर में संदीप बंजारी, बेस्ट ऑलराउंडर में लोकेश भिलाई को 501- 501 रुपए का पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला वर्ग के लिए रस्सी खींच प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रथम पुरस्कार 1,501 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 801 रूपये दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी रहे। अध्यक्षता लता ध्रुव सरपंच सिवनीकला ने की। मौके पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों का किया सम्मान



नगरी। ग्राम बेलर में गांधी जयंती के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। अतिथियों ने स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान और उनके त्याग को याद करते हुए उनके परिवारजनों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि देश की आजादी के लिए स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना जीवन समर्पित किया, जिसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को आत्मसात करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

Pride of Dhamtari





विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जौजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

खबर संक्षेप

शंकरदाह और बिरेतरा को जल्द मिलेगी मिनी स्टेडियम की सौगात

धमतरी। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू के प्रयास से



रांवा में मिनी स्टेडियम की स्वीकृति के बाद अब ग्राम शंकरदाह एवं बिरेतरा में भी मिनी स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति जल्द मिलेगी। इससे स्थानीय युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध होगा। इस अवसर पर श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि ग्रामीण अंचल में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें उचित अवसर, संसाधन और खेल का उपयुक्त वातावरण उपलब्ध कराने की है। इसी उद्देश्य से उनके कार्यकाल से ही ग्रामीण क्षेत्र में खेल अधोसंरचना के विकास को प्राथमिकता दी जाती रही है। रांवा में मिनी स्टेडियम की स्वीकृति के बाद शंकरदाह एवं बिरेतरा में भी मिनी स्टेडियम की स्वीकृति के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा था जो जल्द मिलेगा। रंजना ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार गांवों में मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ खेल अधोसंरचना के विस्तार पर भी विशेष ध्यान दे रही है।

गोजी में अखंड रामधुनी का शुभारंभ

सिर्री। ग्राम गोजी में अखंड रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन 10 अक्टूबर तक किया गया है। 7 अक्टूबर को संध्या 5 बजे दीप प्रज्ज्वलित कर आयोजन की शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि जयमित्र साहू सरपंच गोजी रहे। अध्यक्षता भेपेंद्र साहू उपसरपंच ने की। झांकी में प्रथम पुरस्कार 3001 रुपए, द्वितीय 2501 रुपए, तृतीय 2001 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार पुरस्कार 1501 रुपए दिया जायेगा। गायन में प्रथम पुरस्कार 2501 रुपए, द्वितीय 2001 रुपए, तृतीय 1501 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 1001 रुपए है। विशेष पुरस्कार अनुशासन, गायन, वेशभूषा, नृत्य, संगीत में 701 रुपए है। 10 अक्टूबर को समापन होगा। मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत होंगे। प्रेम सुमन छत्तीसगढ़ी लोककला नाचा पार्टी बेंदाड़ी छुरिया राजनांदगांव की प्रस्तुति होगी।

दस दिनी मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षण शिविर आज से

कांकेर। बच्चों एवं युवाओं को मार्शल आर्ट्स से जोड़ने और आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मार्शल आर्ट्स अकादमी कांकेर द्वारा 8 अक्टूबर से 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर प्रतिदिन शाम 5 से 6 बजे तक टिकरापारा स्थित मिनी स्टेडियम में लगेगा। प्रतिभागियों को कराटे, बॉक्सिंग, मुए थाई, साम्बो और फेंसिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्य प्रशिक्षक विजय कुमार नाग के साथ राकेश साहू और विनय बघेल प्रशिक्षण देंगे।

माकड़ी में आज वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह कार्यक्रम

कांकेर। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य स्तरीय वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के अवसर पर 8 अक्टूबर को कांकेर के माकड़ी स्थित लाख विस्तार एवं प्रशिक्षण केंद्र में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर ढाई बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप रहेंगे। इसके अलावा विधायक आशाराम नेताम, विक्रम उसेंडी, सावित्री मंडावी सहित जनप्रतिनिधि एवं जिला पंचायत, जनपद पंचायत और नगर पालिका के पदाधिकारी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

आमागढ़ में 18 से राज्य स्तरीय डे-नाइट कबड्डी

दुर्गूकोंदल। ग्राम आमागढ़ में युवा शक्ति संगठन एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में 18 एवं 19 अक्टूबर को राज्य स्तरीय दो दिवसीय डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों की टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं।

पुनरावृत्ति होने पर कलेक्टर को कार्रवाई के लिए पत्र भेजने का प्रस्ताव

जनपद की सामान्य सभा में विभागीय अफसर गैरहाजिर, कार्रवाई के संकेत

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



जनपद पंचायत कुरुद की सामान्य सभा की बैठक में विभागीय अधिकारियों की अनुपस्थिति को गंभीरता से लिया गया। आगामी बैठकों में संबंधित अधिकारियों की स्वयं उपस्थिति अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए। अनुपस्थिति की पुनरावृत्ति होने पर कलेक्टर को कार्रवाई के लिए पत्र भेजने का प्रस्ताव रखा गया। पंचायतों में स्वीकृत विकास कार्यों को गुणवत्ता और समय-सीमा में पूरा करने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में वीबी जी-राम-जी योजना अंतर्गत 87 कार्यों के अनुमोदन पर चर्चा हुई। प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में बालिका शौचालय निर्माण के लिए सूची स्वीकृति हेतु संप्रेषित करने का निर्णय लिया गया। शिक्षा गुणवत्ता सुधारने नवाचार के तहत मॉनिटरिंग एवं प्लानिंग कर उसका क्रियान्वयन किए जाने की जानकारी दी गई।

बैठक में उपाध्यक्ष सतीश जैन, सभापति आनंद यदु, सिंधु बैस, चंद्रशेखर साहू सहित सदस्य और विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

हर पंचायत में 50 लाख तक के कार्य

जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने वीबी जी-राम-जी योजना को पंचायतों के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। योजना के तहत प्रत्येक पंचायत में 50 लाख रुपए तक के कार्यों के लिए राशि स्वीकृत होने की बात कही। उन्होंने कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर देते हुए कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही।

अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य

जल संसाधन विभाग के एसडीओ की जगह प्रतिनिधि को बैठक में भेजे जाने पर आपत्ति जताई गई। निर्देश दिया गया कि आगामी बैठक में एसडीओ स्वयं उपस्थित रहें। पुनः प्रतिनिधि भेजे जाने पर जिला कलेक्टर को कार्रवाई के लिए पत्र भेजने का प्रस्ताव रखा गया। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के एसडीओ ने संचालित कार्यों की जानकारी दी और स्वीकृत व निर्माणाधीन कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने निर्देशित किया।

मुचकुंद ऋषि पहाड़ की राह होगी अब सुगम

- पर्यटन समिति एवं ग्रामीणों ने संभाली सफाई की जिम्मेदारी
- 6 साल से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट, सीढ़ी, ज्योति कक्ष व यात्री प्रतीक्षालय बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



नगरी विकासखंड मुख्यालय से करीब 22 किलोमीटर दूर सोंढूर डेम के समीप स्थित प्रसिद्ध मुचकुंद ऋषि पहाड़ इन दिनों प्रकृति प्रेमियों, श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पहाड़ की चोटी पर स्थित मुचकुंद ऋषि आश्रम धार्मिक आस्था के साथ-साथ प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी अपनी अलग पहचान रखता है। पहाड़ की ऊंचाई से चारों ओर फैले घने जंगल, हरियाली और सोंढूर क्षेत्र का मनोरम दृश्य पर्यटकों को आकर्षित करता है। नवरात्रि पर्व के दौरान यहां श्रद्धालुओं की आवाजाही और बढ़ जाती है।

पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पर्यटन समिति मेचका ने मुचकुंद ऋषि पहाड़ की स्वच्छता और पहुंच मार्ग को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी संभाली है। समिति के सदस्यों द्वारा पहाड़ पर चढ़ने वाले रास्ते की साफ-सफाई की जा रही है। रास्ते में उगी झाड़ियों और अन्य अवरोधों को हटाकर मार्ग को सुगम बनाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को पहाड़ पर आने-जाने में परेशानी न हो।

समिति के अध्यक्ष ने बताया कि मुचकुंद ऋषि पहाड़ में लगी स्ट्रीट लाइट करीब 6 वर्षों से बंद पड़ी है। इस कारण शाम और रात के समय पहाड़ पर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी होती है। विशेषकर नवरात्रि के दौरान रात्रि में श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ने से अंधेरे में जंगली जानवरों का भी खतरा बना रहता है। ऐसे में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को जल्द चालू कराने की आवश्यकता है।

पर्यटन समिति ने मुचकुंद ऋषि पहाड़ के विकास के लिए कई मांगें भी रखी हैं। इनमें पहाड़ पर चढ़ने के लिए व्यवस्थित सीढ़ियों का निर्माण, ऊपर ज्योति कक्ष का निर्माण तथा रास्ते में जगह-जगह यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय बनाने की मांग प्रमुख है।

समिति ने पहाड़ के आसपास आकर्षक डिजाइन और चित्रकारी के माध्यम से सौंदर्यीकरण करने की मांग भी रखी है। स्थानीय प्राकृतिक परिवेश के अनुरूप आकर्षक रंग-रोगन एवं डिजाइन विकसित किए जाने से यह स्थान दूर-दराज से आने वाले पर्यटकों के लिए और अधिक आकर्षण का केंद्र बन सकता है। बारिश के बाद पहाड़ की हरियाली, जंगल और सोंढूर क्षेत्र का प्राकृतिक नजारा यहां आने वाले लोगों को विशेष रूप से आनंदित करता है।

पर्यटन समिति मेचका के सदस्यों का कहना है कि क्षेत्र की सुंदरता और धार्मिक महत्व को बनाए रखते हुए स्वच्छता अभियान आगे भी जारी रहेगा। प्रशासन से भी आवश्यक सुविधाओं और बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को शीघ्र दुरुस्त कराने की अपेक्षा जताई गई।

सराहनीय पहल

मृत्यु भोज व नहावन-मुंडन की कुप्रथा होगी समाप्त



- हरदीभाटा में सतनामी समाज ने लिया महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सतनामी समाज ग्राम हरदीभाटा ने सामाजिक सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए मृत्यु भोज एवं नहावन-मुंडन जैसी प्रचलित कुप्रथाओं को समाप्त करने का निर्णय लिया है। समाज की बैठक में इस संबंध में सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कहा कि मृत्यु के बाद आयोजित होने वाले मृत्यु भोज तथा नहावन-मुंडन जैसी परंपराओं में परिवारों को अनावश्यक आर्थिक खर्च उठाना पड़ता है। विशेषकर गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवार सामाजिक दबाव के कारण अपनी आर्थिक क्षमता से अधिक खर्च करने और कई बार कर्ज लेने तक मजबूर हो जाते हैं। बैठक में समाज ने इन कुप्रथाओं को समाप्त कर शिक्षा, जागरूकता, समानता और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। समाज के सदस्यों ने कहा कि सामाजिक परंपराओं के नाम पर होने वाले अनावश्यक खर्च को रोककर परिवारों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने तथा बच्चों की शिक्षा और भविष्य पर ध्यान देना आवश्यक है। बैठक में अध्यक्ष खिलेश लहरे, सचिव परमानंद जोशी, उपाध्यक्ष विजय बंजारे, कोषाध्यक्ष विजय सोनवानी, अजय बंजारे, केजू सोनवानी, जागेश्वर लहरे, पुनारद डहरिया, भानसिंह लहरे, मेघनाथ जोशी सहित सतनामी समाज के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

बोड़रा (स) में विकास कार्यों का लोकार्पण



धमतरी। वधायक ओंकार साहू ने ग्राम बोड़रा (स) में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन रामधुनी प्रतियोगिता में शामिल होकर ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात की। विधायक श्री साहू ने ग्राम बोड़रा (स) में प्राथमिक शाला भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, मां शीतला मंदिर जीर्णोद्धार एवं यादव भवन निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियों तथा सामाजिक उपयोग के लिए आधारभूत सुविधाओं का विस्तार ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है। इन कार्यों से विद्यार्थियों, बच्चों, महिलाओं एवं ग्रामीणों को सुविधाएं मिलेंगी। रामधुनी प्रतियोगिता में विधायक ओंकार ने शामिल होकर कलाकारों एवं श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि रामधुनी जैसे आयोजन हमारी धार्मिक आस्था, लोक संस्कृति और सामाजिक एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विकास उनकी प्राथमिकता है। सड़क, शिक्षा, पेयजल, भवन और सामुदायिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों को जनहित की आवश्यकता के अनुसार आगे बढ़ाया जाएगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चन्द्राकर ने कहा कि विधायक के नेतृत्व में धमतरी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में विकास कार्यों को प्राथमिकता मिल रही है। जनप्रतिनिधि और जनता के बीच निरंतर संवाद से ही क्षेत्र का समग्र विकास संभव है। पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार ने कहा कि गांवों में विकास कार्यों के साथ-साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को प्रोत्साहन देना हमारी सामाजिक विरासत को मजबूत करता है। मौके पर खिलेन्द्र ध्रुव, ब्रजेश जगताप, हरनारायण साहू, सुमन साहू, फल्लेश साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, रविकुमार साहू, प्रीतम कुमार साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

ज्योति चन्द्राकर की अध्यक्षता में हुई बैठक, सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय

पीआईसी की बैठक में विकास को लेकर 32 बिंदुओं पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर की अध्यक्षता में 5 अक्टूबर को अध्यक्ष कक्ष में नगरपालिका की 12वीं पीआईसी बैठक आयोजित हुई। बैठक में नगर विकास और मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए 32 बिंदुओं वाले एजेंडे पर चर्चा कर विभिन्न विकास कार्यों को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

बैठक में बरसात के कारण खराब हुई वर्षों पुरानी स्ट्रीट लाइट को बदलने का निर्णय लिया गया। इसके लिए एल्डरमेन एवं मनोनीत पार्षदों से अपनी निधि से राशि उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। नगर के चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण, प्रमुख सड़कों व नगर प्रवेश द्वार को आकर्षक बनाने तथा प्रमुख धरोहरों को सजाने-संवारने पर जोर दिया गया। अध्यक्ष ने कहा कि विष्णु के सुशासन, मंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन और विधायक अजय चंद्राकर के विकास रथ को आगे बढ़ाते हुए नगर को आदर्श शहर बनाने का प्रयास जारी रहेगा।

गौशाला और मुक्तिधामों के विकास पर जोर

गौठान परिसर को विकसित कर गौशाला बनाने और जनभागीदारी से संचालन की योजना पर भी सहमति बनी। हिंदू मुक्तिधाम सहित मुस्लिम और ईसाई कब्रिस्तानों में सड़क, नाली, शौचालय और सौंदर्यीकरण कार्य कराने का निर्णय लिया गया। नया तालाब की सफाई और सौंदर्यीकरण भी निकाय एवं जनभागीदारी से किया जाएगा।

पेयजल और व्यवस्थित शहर बनाने की पहल

नगर के विभिन्न स्थानों पर पेयजल के लिए बोर खनन और छोटी पानी टंकियां स्थापित करने पर भी निर्णय हुआ। बैठक में उपाध्यक्ष देवव्रत साहू सहित सभापति मिथिलेश बैस, सितेश सिन्हा, महेंद्र गायकवाड़, राजकुमारी ध्रुव, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, सीएमओ गुप्ता, इंजीनियर साहू एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

विद्यार्थियों को तनाव व अवसाद से बचाव की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत रिलायंस इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एवं फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग लिमतरा में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला अस्पताल की मानसिक स्वास्थ्य टीम ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, मानसिक तनाव, चिंता, अवसाद, मानसिक रोगों के लक्षण, बचाव एवं उपचार के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

इस दौरान आत्महत्या की रोकथाम एवं जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों एवं मनोरंजक खेल का भी आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को मानसिक समस्याओं की पहचान, सकारात्मक सोच तथा आवश्यकता पड़ने पर समय पर सहायता एवं परामर्श लेने के लिए प्रेरित किया गया। मानसिक स्वास्थ्य टीम ने विद्यार्थियों को मानसिक समस्याओं की समय पर पहचान करने, आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञ से परामर्श लेने तथा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

अंचल की खबरें

सलोनी के पांच छात्र हॉकी खेलने जाएंगे बिलासपुर



धमतरी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलोनी के पांच छात्रों का चयन अंडर 19 वर्ष स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया की राज्यस्तरीय हाकी प्रतियोगिता के लिए हुआ है । खेल शिक्षक हेमलाल सिंह सिन्हा ने बताया कि दीप्ति साहू, नम्रता साहू, रूपाली यादव एवं बालक वर्ग में गोपी किशन, मिनेश का चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता 10 अक्टूबर तक बिलासपुर के एस्ट्रो टर्फ हॉकी ग्राउंड में आयोजित होगी। ये पांचों खिलाड़ी रायपुर जोन का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कबड्डी स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाया जौहर



धमतरी। ग्राम भोयना (अछोटा) में स्टूडेंट क्लब भोयना एवं ग्रामवासियों के सहयोग से डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न टीमों ने हिस्सा लिया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि महापौर जगदीश रामू रोहरा ने विजेता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा ने कहा कि खेल हमारे जीवन में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच प्रदान करता है। युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। देर रात तक चले मुकाबलों में खिलाड़ियों ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ प्रदर्शन किया।

आमदी-रांवा-कोर्रा जोन का गठन

धमतरी। जिला औषधि विक्रेता संघ अंतर्गत नए जोन आमदी-रांवा-कोर्रा का गठन किया गया। इस दौरान जोन के नए पदाधिकारियों का मनोनयन



करते हुए उन्हें संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई। जोन संरक्षक के रूप में मनोज साहू आमदी को नियुक्त किया गया। गोपी साहू को जोन संयोजक तथा डॉ. धर्मेंद्र केशरवानी को जोन अध्यक्ष बनाया गया। सचिव की जिम्मेदारी हरीश साहू को दी गई है। डॉ. फनेंद्र साहू उपाध्यक्ष और डॉ. तिलक गजेंद्र कोषाध्यक्ष मनोनीत किए गए। इस अवसर पर जिला औषधि विक्रेता संघ के संरक्षक तेजपाल कोचर, अध्यक्ष राजेश साहू, संयोजक मनीष नाहर, रुद्री जोन अध्यक्ष रूपेन्द्र साहू, नितेश हिरवानी सहित अनेक केमिस्ट उपस्थित थे। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नवगठित जोन को मजबूत बनाने और संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाने की बात कही।

करैहा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं का हुआ सम्मान



नगरी। ग्राम पंचायत करैहा में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन उत्सव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम की महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं एवं ग्रामीणों ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्रों में सेवाएं देने वाली कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का सम्मान कर उनके कार्यों की सराहना की गई। सरपंच एवं वक्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं गांव के बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मौके पर जनपद सदस्य सोनराज वट्टी, सरपंच राधाबाई नेताम, सचिव नारायण सिंह कुंजाम, ग्राम सभा अध्यक्ष रामबती समरथ, उपसरपंच छबिलाल यादव, पंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, महिला बाल विकास विभाग से उषा वर्मा सुपरवाइजर, शिंदेराम मरकाम, विष्णु प्रसाद, मोहन यादव, एमटी मनोज यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

राजमानस संघ का वार्षिक सम्मेलन 31 को सिहावा में



धमतरी। श्री राजमानस संघ छत्तीसगढ़ धमतरी का 27 वां वार्षिक सम्मेलन 31 अक्टूबर को सिहावा (नगरी) के श्री शीतला शक्तिपीठ में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मज्ञ्योतिर्मयानन्द सरस्वती महाराज सपाद सलधा जिला बेमेतरा होंगे। अध्यक्षता अर्जुनपुरी गोस्वामी अध्यक्ष राजमानस संघ छत्तीसगढ़ धमतरी करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि डॉ. रोशन उपाध्याय, अशोक पवार व अन्य अतिथिगण नरेंद्र नाग, नारद निषाद, शारदा ध्रुव, रेमंत शांडिल्य, उषा नाग होंगे। इस कार्यक्रम में खूबलाल साहू, कोदूराम चंद्राकर, सियाराम साहू, पुरानिकराम साहू, मनराखन सिन्हा का सम्मान किया जायेगा। रक्तदान शिविर एवं पौधरोपण भी होगा। यह जानकारी श्री राजमानस संघ छग के अध्यक्ष अर्जुनपुरी गोस्वामी एवं प्रवक्ता डॉ भूषणलाल चंद्राकर ने दी है।



खबर संक्षेप

बालोद एसिड कांड के आरोपियों को कड़ी सजा मिले : यशोदा

धमतरी। बालोद शहर में युवती पर एसिड फेंकने की घटना की



छत्तीसगढ़ सोनकर समाज महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष यशोदा सोनकर ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि अपराधी का कोई जाति या धर्म नहीं होता। यश सोनकर और करण कुंजाम ने जिस तरह इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया है, वह पूरी तरह अशोभनीय और अक्षम्य है। यशोदा सोनकर ने कहा कि ऐसे गंभीर अपराध करने वाले आरोपियों को न्यायालय से कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, ताकि समाज में स्पष्ट संदेश जाए कि किसी की जिंदगी से खिलवाड़ करने और जघन्य अपराध करने का परिणाम गंभीर होता है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी में संस्कारों की कमी और सोशल मीडिया में बढ़ती व्यस्तता चिंताजनक है। वास्तविक शिक्षा और संस्कारों को महत्व देने की आवश्यकता है। उन्होंने आरोपी के कृत्य को समाज के लिए निंदनीय बताते हुए पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायल युवती के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

दीपावली से पहले सिहावा रोड निर्माण की मांग

धमतरी। सिहावा रोड में लगातार उड़ रही धूल से परेशान नागरिकों और



व्यापारियों ने दीपावली से पहले सड़क निर्माण एवं सफाई कार्य पूरा कराने की मांग की है। कैट के जिलाध्यक्ष महेश जसूजा, कार्यकारी अध्यक्ष सलज अग्रवाल, रवि मुंजवानी और धनराज लूनिया ने प्रशासन से इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई की मांग की। महेश जसूजा ने बताया कि सिहावा रोड पर कई कॉलोनियां और बड़ा व्यापारिक क्षेत्र होने से रोज हजारों लोगों का आवागमन होता है। धूल के कारण रहवासी और व्यापारी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली से पहले लोग घरों और आसपास की सफाई करते हैं। ऐसे में सड़क की धूल से परेशानी बढ़ रही है। कैट ने प्रशासन से त्योहार के पूर्व सड़क निर्माण और सफाई कार्य पूरा कराने की मांग की है।

- धूल से परेशान नागरिकों और व्यापारियों ने प्रशासन से लगाई गुहार

व्याख्याता अवधराम को मिला शिक्षा ज्योति सम्मान

धमतरी। विश्व शिक्षक दिवस पर शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और



उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों के सम्मान में एक भव्य राष्ट्रीय ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस समारोह में देश के विभिन्न राज्यों के 128 चयनित शिक्षकों को शिक्षा ज्योति सम्मान से विभूषित किया गया। इसी क्रम में शाउमावि मेघा के व्याख्याता अवधराम साहू को शिक्षा के क्षेत्र में उनके अभिनव प्रयोग, नवाचारी शिक्षण विधियों एवं उत्कृष्ट शिक्षण योगदान के लिए इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान कार्यक्रम की मुख्य आयोजक शिक्षा ज्योति की संस्थापक अर्चना शर्मा एवं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार छग के जनरल सेक्रेटरी डॉ. राघवेंद्र सिंह राठौर द्वारा संयुक्त रूप से ऑनलाइन मंच के माध्यम से प्रदान किया गया। व्याख्याता अवधराम साहू को सम्मान मिलने पर विद्यालय परिवार, संकुल, क्षेत्र के शिक्षाविदों, सहकर्मियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है।

परसट्टी में अखंड रामधुनी का हुआ समापन

सिर्री। ग्राम परसट्टी (धूमा) में ग्रामवासियों के सहयोग से इस वर्ष भी तीन दिवसीय अखंड रामधुनी का आयोजन 1 से 3 अक्टूबर तक हुआ। शनिवार को शाम 4 बजे पूर्णाहुति एवं समापन कार्यक्रम रखा गया। रात्रि में गोपाल बलराम छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी निपानी (बालोद) की प्रस्तुति हुई जिसका दर्शकों ने आनंद लिया।



शारदीय नवरात्रि पर बन रहा गजकेसरी योग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शारदीय नवरात्रि इस वर्ष विशेष ज्योतिषीय संयोग के साथ शुरू होने जा रही है। 11 अक्टूबर से आरंभ होकर 19 अक्टूबर तक चलने वाले नवरात्र पर्व के दौरान देवगुरु बृहस्पति और चंद्रमा की विशेष स्थिति से गजकेसरी योग बनने की बात कही जा रही है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार इस योग को धन, पद, प्रतिष्ठा और उन्नति के लिए शुभ माना जाता है। विशेष संयोग को लेकर देवी भक्तों में भी उत्साह है।

पंडित राजकुमार तिवारी ने बताया कि ज्योतिषीय गणना के अनुसार गजकेसरी योग गुरु और चंद्रमा की युति अथवा केंद्र संबंध से बनता है। इस बार शारदीय नवरात्रि में इसके साथ कई अन्य शुभ संयोग भी बन रहे हैं। बताया जा रहा है कि करीब 58 साल बाद हस्त नक्षत्र और शुक्ल योग का विशेष संयोग बन रहा है। इसके अलावा कुंभ राशि में शनि के रहने से शश राजयोग बनने की भी चर्चा है। इन सभी संयोगों को नवरात्र के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

धमतरी में नवरात्रि को लेकर देवी मंदिरों और पूजा पंडालों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने के साथ सजावट और धार्मिक आयोजनों की तैयारियां तेज हो रही हैं।

58 साल बाद विशेष संयोग से बढ़ेगी पर्व की महत्ता

11 अक्टूबर को होगी घट स्थापना

पंडित सूरज प्रसाद तिवारी ने बताया कि शारदीय नवरात्रि की शुरुआत 11 अक्टूबर रविवार से होगी। इसी दिन विधि-विधान से घट स्थापना की जाएगी। पंचांग गणना के अनुसार घट स्थापना के लिए सुबह 6.32 बजे से 10.26 बजे तक का समय बताया गया है। इसके अलावा दोपहर 11.55 बजे भी स्थापना का शुभ समय माना गया है। इसके बाद नौ दिनों तक देवी के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा-अर्चना होगी और 19 अक्टूबर को महानवमी के साथ नवरात्र का समापन होगा।

इन राशियों के लिए शुभ संकेत

ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार गजकेसरी योग का प्रभाव मेष, वृषभ समेत सात राशियों के जातकों के लिए विशेष लाभकारी रह सकता है। इन राशियों के जातकों को करियर में नए अवसर, आर्थिक लाभ, पदोन्नति और सामाजिक प्रतिष्ठा मिलने के योग बताए जा रहे हैं। हालांकि ज्योतिषीय फलादेश व्यक्ति की कुंडली और ग्रहों की स्थिति के आधार पर अलग-अलग हो सकता है।

पीएम मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा एवं समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर हुआ कार्यक्रम

सेवा, समर्पण और जनभागीदारी के संदेश के साथ निकली 'सेवा ज्योति यात्रा'

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा एवं समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 7 अक्टूबर को धमतरी में सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर थे।

अन्य अतिथि छत्तीसगढ़ सहकारी बैंक (अपेक्स) के अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायक रंजना साहू, इंदर चंद चोपड़ा, पिंकी शाह, प्रकाश बैस तथा जनपद एवं जिला पंचायत के सदस्य, गणमान्य नागरिक वर्चुअल माध्यम से दिल्ली में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से जुड़े। नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुना और सेवा एवं जनभागीदारी से जुड़े आयोजन में सहभागिता की।







कार्यक्रम के बाद कृषि उपज मंडी परिसर से गांधी मैदान तक सेवा ज्योति यात्रा निकाली गई। यात्रा में जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। यात्रा के दौरान सेवा, समर्पण और जनभागीदारी के संदेश को केंद्र में रखते हुए नागरिकों ने सहभागिता की। गांधी मैदान पहुंचने पर यात्रा का समापन हुआ।

कार्यक्रम से पूर्व कृषि उपज मंडी परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्थानीय कलाकारों एवं प्रतिभागियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे कार्यक्रम स्थल पर उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा।

मोदी के 25 वर्षों की यात्रा पर रखे विचार

विधायक अजय चंद्राकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा एवं समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उनके सार्वजनिक जीवन की यात्रा तथा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों और उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने सेवा, जनकल्याण और समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता के महत्व पर भी अपने विचार रखे। केदारनाथ गुप्ता ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक श्री चंद्राकर ने जनसमुदाय को सेवा-संकल्प की शपथ दिलाई।

'वी विल डू इट' के संकल्प से नए भारत के आत्मविश्वास का संदेश : सार्वा



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के जनसेवा सफर को बताया ऐतिहासिक और प्रेरणादायी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में निरंतर 25 वर्ष की जनसेवा पूर्ण होने के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान एवं सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन को देश के लिए ऐतिहासिक और प्रेरणादायी यात्रा बताया।

श्री सार्वा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 25 वर्षों के जनसेवा के सफर को व्यक्तिगत उपलब्धि के रूप में नहीं, बल्कि देश की जनता के विश्वास, लोकतंत्र और संविधान से जुड़ी यात्रा के रूप में प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक की इस लंबी यात्रा में अनेक चुनौतियां आईं, लेकिन हर चुनौती का सामना करते हुए देश को विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आज के संबोधन की सबसे महत्वपूर्ण बात वी विल डू ईट यानी हम करके दिखाएंगे का संकल्प है। यह केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि नए भारत के आत्मविश्वास और सामूहिक शक्ति का संदेश है। श्री सार्वा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सेवाकाल से यह प्रेरणा मिलती है कि बड़े लक्ष्य दृढ़ इच्छाशक्ति, निरंतर परिश्रम और सामूहिक भागीदारी से हासिल किए जा सकते हैं। यही सेवा ज्योति यात्रा का संदेश है।

यूसीसी, पेसा, परिसीमन और आरक्षण जैसे मुद्दों पर हुआ मंथन





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नवा रायपुर स्थित आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग का प्रदेश स्तरीय युवा सम्मेलन एवं कार्यशाला आयोजित की गई। सम्मेलन में प्रदेश के 33 जिलों से बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। धमतरी जिले से भी 30 से अधिक युवा शामिल हुए। सम्मेलन में आगामी दो माह के भीतर संभाग, जिला, तहसील और ग्राम सीधी भर्ती और बैकलॉग पदों पर भर्ती जैसे विषयों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए गए। विभिन्न जिलों से पहुंचे युवाओं ने अपने क्षेत्रों की समस्याएं और सुझाव भीविासी समाज के युवाओं की भूमिका, संगठन के विस्तार तथा संवैधानिक और सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। समान नागरिक संहिता (यूसीसी), पेसा कानून, परिसीमन, आरक्षण, स्थानीय भर्ती, सीधी भर्ती और बैकलॉग पदों पर भर्ती जैसे विषयों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए गए। सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष परते ने एक लाख से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने का लक्ष्य रखा। संवैधानिक मामलों के जानकार अश्वनी कांगे ने परिसीमन के संभावित प्रभावों पर चिंता जताते हुए सामाजिक जनगणना को महत्वपूर्ण बताया। प्रदेश सचिव विनोद नागवंशी ने युवाओं से समाज के मुद्दों को समझकर नेतृत्वकर्ता के रूप में आगे आने का आह्वान किया। मौके पर वेदप्रकाश कोमर्रा, संतोष कुंजाम, रामेश्वर मरकाम, तिजेन्द्र कुंजाम, हेमन्त ध्रुव सहित अन्य युवा शामिल हुए।

कार्यकर्ताओं की एकजुटता संगठन की सबसे बड़ी ताकत : सुखदेव

- नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी समेत बैज, मंहत, संपत का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत
- वोट बचाओ-देश बचाओ रैली में शामिल होने बस्तर रवाना हुआ कांग्रेस का काफिला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत के बस्तर प्रवास के दौरान धमतरी पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बठेना चौक में उनका जोरदार स्वागत किया। उनके साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत और सहप्रभारी ए.एस. संपत कुमार भी मौजूद रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर नारे लगाए और नेताओं का फूलमालाओं से अभिनंदन किया।

बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता बठेना चौक पर पहुंचे। कांग्रेस नेताओं का काफिला बस्तर में प्रस्तावित वोट बचाओ-देश बचाओ रैली में शामिल होने के लिए आगे रवाना हुआ। इस दौरान प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का संघर्ष जनता के अधिकारों और लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए है। कार्यकर्ताओं की एकजुटता संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। दीपक बैज ने कहा कि बस्तर की रैली जनता के मताधिकार और अधिकारों की आवाज को मजबूती देगी। डॉ. चरणदास महंत ने कार्यकर्ताओं से जनहित के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष करने का आह्वान किया।

स्वागत कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, विधायक ओंकार साहू, विधायक अम्बिका मरकाम, पूर्व विधायक लेखराम साहू, लक्ष्मी ध्रुव, पूर्व जिला अध्यक्षद्वय मोहन लालवानी, अध्यक्ष शरद लोहाना, पूर्व महापौर विजय देवांगन, विपिन साहू, जिला संगठन महामंत्री अरविंद दोशी, जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर, पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार, ब्लॉक अध्यक्ष योगेश शर्मा, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष अंबिका सिन्हा, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजा देवांगन, सेवादल जिला अध्यक्ष होरीलाल साहू, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरनारायण साहू, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हितेश गंगवीर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान लोकतंत्र की रक्षा के लिए : लेखराम



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

वोट बचाओ-देश बचाओ और लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के तहत जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर द्वारा पुराना बस स्टैंड में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में

लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरूद शामिल हुए। उन्होंने कहा कि वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान लोकतंत्र की रक्षा के लिए चलाया जा रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ कई नेता ज्ञानेश कुमार से वोट संबंधी आरोपों पर चर्चा करने पहुंचे थे, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया। इससे सवाल उठता है कि आखिर उन्हें मिलने से क्यों रोका गया। लेखराम ने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र और जनता के मताधिकार की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार और भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञानेश कुमार का बचाव कर रहे हैं। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुखदेव भगत, दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, विधायक संगीता सिन्हा, विधायक सावित्री मंडावी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जल विभाग की बैठक में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने पर मंथन

- नियमित एवं स्वच्छ जलापूर्ति के साथ शिकायतों के त्वरित निराकरण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शहर में पेयजल व्यवस्था को और अधिक बेहतर, सुचारु एवं व्यवस्थित बनाने को लेकर महापौर रामू रोहरा की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में जल विभाग की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर की वर्तमान जलापूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए नागरिकों को नियमित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने तथा जल संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में निगम आयुक्त अरुण कुमार वर्मा एवं जल विभाग के एमआईसी अखिलेश सोनकर ने जलापूर्ति व्यवस्था, विभिन्न क्षेत्रों में सामने आ रही नागरिकों की समस्याओं तथा आगामी कार्ययोजना को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव एवं विचार रखे। महापौर श्री रोहरा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों को पेयजल से संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए व्यवस्था की लगातार निगरानी की जाए और शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाए। नागरिकों को समय पर पर्याप्त और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। व्यवस्था में जहां भी कमी नजर आए, उसे तत्काल दूर किया जाए। बैठक में जलापूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने, आवश्यक संसाधनों के बेहतर उपयोग, फील्ड स्तर पर निगरानी बढ़ाने तथा आगामी समय की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्ययोजना तैयार करने पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर महेंद्र जगत, राठौर, लोमेश देवांगन, कमलेश ठाकुर, पंचराम सिन्हा, मंगलू निर्मलकर, प्रह्लाद मंडावी सहित नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



